Regarding establishment of Industrial Corridor

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़): माननीय सभापति महोदय, मेरा क्षेत्र 75 वर्षों से अति पिछड़े क्षेत्रों में सम्मिलित था तथा यह विकास हेतु आशान्वित रहा है । माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा इसे आकांक्षी जिले में सम्मिलित करके मोहनपुरा, कुंडलिया, रेशई, पार्वती आदि क्षेत्रों में डैम से 5 लाख हेक्टेयर जमीन सिंचित करने की परियोजना है । मेडिकल कॉलेज, चार राष्ट्रीय राजमार्ग तथा रामगंज मंडी- भोपाल रेल लाइन की सौगात देकर इसे विकासशील क्षेत्र की दौड़ में सम्मिलित किया गया है ।

मैं आपके माध्यम से, सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि जिन फसलों का उत्पादन हमारे क्षेत्र में हो रहा है, उनकी प्रसंस्करण की ईकाई भी मेरे क्षेत्र में स्थापित करके औद्योगिक कॉरिडोर बनाने का भी मार्ग प्रशस्त करें । इससे गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं को अधिक से अधिक रोज़गार मिलेगा तथा देश को समृद्ध बनाने में राजगढ़ क्षेत्र की भी भूमिका रहेगी ।

धन्यवाद ।